तापमान
अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 13 मई 2025

[ खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार ]

4 बरपाली व भुकुर्री में पूंजीपथरा पुलिस ने लगाई चौपाल



## खबर संक्षेप

बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183



### पानी की समस्या के चलते कराया गया ट्यूबवेल

**सरिया।** नगर पंचायत सरिया के कुछ वार्डों में पानी की समस्या को देखते हुए नगर पंचायत की ओर से नया ट्यूबवेल करवाया गया है। जिसके कारण अब उक्त वार्डों में पानी की समस्या दूर होगी। लोग पानी के लिए तरस रहे थे। गर्मी बढ़ने के साथ साथ पेयजल की समस्या भी बढ़ गया है। नगर के वार्ड क्रमांक 1,11 एवं 12 में पानी की समस्या को देखते हुए यहां के पार्षदों ने पार्षद मद से नया ट्यूबवेल करवाया है। ट्यूबवेल करवाने के लिए स्थल पर नगर पंचायत सरिया के अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल, पार्षद रूप डनसेना, सेवा पार्षद प्रतिनिधि राजू प्रधान मौके पर मौजूद थे। गौरतलब हो की नगर पंचायत सरिया के वार्ड क्रमांक 1,11 एवं 12 में पानी की समस्या पिछले कई वर्षों से पूर्व से बना हुआ था। वहीं जब गर्मी की शुरुआत होते ही पानी की समस्या अति विकराल रूप ले लेती है। बूंद बूंद पानी के लिए वार्ड की जनता तरसते लगती है। इसी समस्या को देखते हुए पार्षदों ने अपने अपने मद की राशि से नया ट्यूबवेल करवाया। पार्षदों ने बताया कि नया ट्यूबवेल होने से अब वार्डों में पानी की समस्या दूर होगी। वही नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल ने कहा कि नगर के दो तीन ट्यूबवेल का जल स्तर कम होने से ट्यूबवेल बंद पड़े हैं। जिसके कारण नगर पंचायत सरिया की 15 वार्डों में से वार्ड क्रमांक 1,11 एवं 12 में पानी की समस्या था। जिसका हल कर लिया गया है। अब इन वार्डों में नया ट्यूबवेल के माध्यम से घर-घर पानी सप्लाई होगी।

### पेंशन के लिए भटक रहे पूर्व सहायक अभियंता

**पुसौर।** सरकारी विभाग से रिटायरमेंट होने के बाद एक पूर्व अधिकारी को पेंशन के लिए भटकना पड रहा है। पूर्व अधिकारी पेंशन की बहाली के लिए पिछले कई दिनों से परेशान हैं, लेकिन उनकी फरियाद नहीं सुनी जा रही है। मामला पुसौर केलो परियोजना के पूर्व सहायक अभियंता आरएस चंद्रा का है, जिन्हें रिवाईजन पेंशन को आर्डर हुए 8 माह के बाद भी उन्हें संबंधित राशि नहीं मिल पाया है। जानकारी के मुताबिक आरएस चंद्रा केलो नहर विभाग पुसौर में अनुविभागीय अधिकारी के पद पर लंबे समय तक रहे। इसके बाद उनका प्रमोशन हुआ और इनके अंतिम कार्यकाल सहायक अभियंता बिलासपुर के पद पर रहा। ये अपने कार्यकाल के बीच ही समय पर पेंशन मिले साथ ही अपना जमा पैसा मिले इसके लिए समूचित कागजी कार्रवाई कर चुके थे और रिटायर होने के बाद इसे एप्लाई भी कर दिया। बताया जाता है कि वर्ष 2021 में रिटायर होने के बाद से ही रिवाईज पेंशन मिलना था, जिसका आदेश बीते 8 माह पूर्व हुआ। जिसमें चंद्रा ने संबंधित दस्तावेज जीवन प्रमाण पत्र, अंतिम वेतन प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, सरकारी आवास छोड़ने का प्रमाण पत्र, इसके साथ ही कोई मांग नहीं कोई जांच नही का प्रमाण पत्र आदि कोषागार एवं जिला केलो नहर निर्माण कार्यालय में जमा कर व्यक्तिगत रूप से फोन कर निवेदन करने के बाद भी चंद्रा को उनके रिवाईश पेंशन नहीं मिल पाया है, जिससे इन्हें अपने इलाज व भरण पोषण में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### पहले कवर्धा और अब रायपुर में मालवाहक में दुर्घटना

# हादसों से नहीं लिया सबक, माल वाहनों में ठूंस-ठूंसकर भरी जा रही सवारी...

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

मालवाहकों में अब भी लोगों को भेड़ बकरियों की तरह ढोया जा रहा है। मालवाहक के वाहन चालकों ने अब तक न तो कर्वधा में हुए हादसे से कोई सबक सीखा और ना ही हाल में हुए रायपुर के हादसे से। लगातार सड़कों पर एक वाहन में दर्जनों लोगों को सवारी बना कर आवाजाही की जा रही है।

जिस वाहन में घर के फर्नीचर व अन्य सामानों का परिवहन होना चाहिए, उसमें लोगों को बैठा कर सवारी बनाया जा रहा है। बीते मई 2024 में ही कर्वधा में एक पिकअप अनियंत्रित होकर पुलिया के नीचे गिर गई थी, जिसमें आधा दर्जन की मौत हो गई तो वहीं दर्जनों घायल हो गए। इस हादसे के कारण रायगढ़ सहित प्रदेश भर में मालवाहक वाहन चालकों को बकायदा थाने में बुलाकर समझाइश दी गई थी तथा समझाइश नहीं मानने वाले चालकों पर कार्रवाई भी की गई। किंतु कार्रवाईयां थमने के बाद पुनः सड़कों पर मालवाहक वाहनों में सवार होकर लोंग नजर आने लगे। वर्तमान में वैवाहिक कार्यक्रमों में यह अत्यधिक देखने को मिल रहा है। खासतौर ग्रामीण इलाकों में यह दृश्य देखने को मिलता है। हाल में ही रायपुर के खरोरा में भी एक हादसा हुआ, जिसमें तीन बच्चों सहित आधा दर्जन लोगों की जान चली गई वहीं कई लोग बुरी तरह से घायल गए।



रायगढ़ की सड़कों में ये नजारा आम है।

#### अनियंत्रित होता है वाहन

जानकारों की मानें तो मालवाहक वाहनों में अक्सर उच्च गुरूत्वाकर्षण केन्द्र होता है। जब इसके पीछे के हिस्से में अधिक लोगों को बैठाया जाता है तो इसका पिछला हिस्सा अगले हिस्से के मुकाबले दब जाता है। जिसकी वजह से वाहन के अनियंत्रित होने की संभावना बढ़ जाती है।

#### कर रहे कार्रवाई

मालवाहक वाहनों को सवारी लेकर जाने वाले चालकों पर लगातार कार्रवाईयां हो रही हैं। साथ ही उन्हें समझाइश भी दी जा रही है।

**उत्तम प्रताप सिंह**
**डीएसपी, यातायात**

#### सरकारी कार्यक्रम में भी मालवाहकों का उपयोग

कई बार यह भी देखा गया कि शासकीय कार्यक्रमों में भी लोगों को मालवाहक वाहनों में लाया जाता है। अहम बात यह है कि ऐसे कार्यक्रमों में ग्रामीण इलाकों के अधिकतर लोग रहते हैं, जो ज्यादातर मालवाहक वाहनों में ही कार्यक्रम में आते हैं। एक मालवाहक वाहन में दो दर्जन से अधिक लोगों सवारी के रूप में सफर करते हैं। जबकि नियमतः मालवाहक वाहनों में लोगों को लाने, ले जाना पूरी तरह से प्रतिबंधित है।

#### किराया कम, इसलिए अधिक उपयोग

बताया जाता है कि मालवाहक वाहनों में ज्यादा लोग भी आते हैं और इसका किराया भी कम पड़ता है। जबकि कार या जीप आदि में इससे अधिक किराया लगता है। यही वजह है कि कम पैसे में अधिक लोगों को किसी शासकीय या वैवाहिक कार्यक्रम के लिए मालवाहक वाहनों का उपयोग किया जाता है।



## मिक्सर मशीन की चपेट में आने से चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

कोतरा रोड थाना क्षेत्र अंतर्गत किरोड़ीमलनगर में चौथी रेल लाइन निर्माण कार्य में कार्यरत मिक्सर मशीन वाहन के अचानक चालू हो जाने से उसके पहिए के नीचे दब कर चालक की मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद कोतरा रोड पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। वहीं आगे की कार्रवाई में पुलिस जुट गई।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार किरोड़ीमल नगर में चौथी रेलवे लाइन का निर्माण कार्य चल रहा है। इसमें मूलतः कोरबा जिले के कुसमुंडा का ठेकेदार मोहल्ला निवासी संतोष कुमार पिता सुरेश प्रसाद उम्र 42 वर्ष ठेकेदार राधेश्याम अग्रवाल के मातहत मिक्सर मशीन चलाने का काम करता है और खरसिया में अस्थायी तौर पर निवासरत था। मंगलवार की सुबह रेल्वे ट्रैक के किनारे मिक्सर मशीन में सीमेंट, रेत और पानी डालकर रॉ-मटेरियल तैयार किया जा रहा था, तब घटना हुई। इस दौरान मिक्सर मशीन वाहन अचानक चालू हो गया। वहीं, मिक्सर मशीन के पास खड़ा संतोष कुमार कुछ कर पाता, इसके पहले उसके वाहन के पहिए के तले कुचले जाने से चालक की ही जान चली गई। पुलिस ने उसके पर्स से मिले आधार कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस से संतोष कुमार के तौर पर उसकी पहचान की।

## महीने में 15 दिन बंद रहता है एटीएम और डिपॉजिट मशीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

शहर में स्थित कई एटीएम और डिपोजिट मशीनें किसी न किसी कारणवश माह के 30 दिनों में से करीब 10 से 15 दिन बंद ही रहती हैं। जिसकी वजह से उपभोक्ताओं को अधिक परेशानी होती है। अहम बात यह है कि अवकाश के दिन तो दूर सोमवार को भी यह नजारा देखने को मिला।

आमतौर पर आये दिन घोषित-अघोषित कारणों से बेपटरी होती शहर की बैंकिंग सेवा ने ग्राहकों को उलझा और परेशान कर रखा है। अक्सर आकस्मिक कैश डिपाजिट और नगद निकासी के लिए उपलब्ध एटीएम और डिपोजिट मशीन भी खराब मिलने से बैंक उपभोक्ता की तकलीफ बढ जाती है, किंतु बैंक प्रबंधन इस विषय पर बेपरवाह बने हुए हैं। इस तरह की दिक्कत निजी बैंकों में अधिक नजर आ रही है। ऐसा ही नजारा नगर में सोमवार को नजर आया, जहां बैंकिंग को लेकर लोग परेशान होते नजर आए। हांलाकि अवगत कराने पर बैंक प्रबंधनों ने तकनीक खामियों की बात कहते हुए इसे दुरुस्त करने का आश्वासन दिया है। दर असल शनिवार व रविवार के साथ सोमवार को भी अवकाश के कारण तीन दिनों तक एक ओर बैंक बंद रहे तो दूसरी ओर इनके द्वारा लगाए गए एटीएम मशीनों की खराबी के कारण जनता त्रस्त हो गई है। जनसुविधा और ऑनलाइन बैंकिंग में विस्तार के साथ साथ बैंकों के द्वारा एटीएम भी लगाए गए हैं जो कि जरूरत के समय अधिकांशतः नकारे साबित हो रहे हैं। सार्वजनिक क्षेत्रों की बात तो छोड़िए निजी क्षेत्रों के बैंकों की मशीनों की भी कमोबेश यही हालत है। एक ओर इन निजी बैंकों के द्वारा ग्राहकों लुभावने वादे करके अपने यहां खाते खोल लिए जाते हैं, वही सर्विस के नाम पर भारी भरकम चार्ज भी काट लिया जाता है परंतु जब उपभोक्ता को इन सुविधाओं की जरूरत पड़ती है तो ये मशीनें सफेद हाथी साबित हो जाती हैं। पिछले तीन दिनों से शहर के कबीर चौक आइसीआईसीआई बैंक की एटीएम एवं नकद जमा करने की मशीन खराब होने के कारण पैसे निकल तो रहे थे पर जमा नहीं हो रहे हैं। इनकी मुख्य शाखा में भी यही हाल है। यहां तो मशीन में जमा करने का ऑप्शन दिखता जरूर है, लेकिन जमा कभी नहीं होता। इसी प्रकार एचडीएफसी बैंक के एटीएम और डिपोजिट मशीन का भी यही हाल रहा है।



■ बैंकों की सेवाओं में बढती लापरवाही से परेशान ग्राहक

### निखिल की कामयाबी से वनांचल में खुशी की लहर

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** बिलाईगढ़ विधानसभा के अंतर्गत बलौदाबाजार जिले के अंतिम छोर कसडोल विकासखंड के अंतर्गत सरस्वती शिशु मंदिर में अध्ययनरत कृषक रमेश नायक के पुत्र निखिल नायक ने कक्षा दसवीं में 95.65 प्रतिशत अंक हासिल कर वनांचल क्षेत्र के नाम रोशन किया है, साथ ही बिना ट्यूशन और कोचिंग के अच्छा अंक लाया जा सकता है, इसका संदेश भी आमजन को दिया है। निखिल नायक की कामयाबी को अखिल भारतीय अघरिया समाज देवरी सोनाखान के युवा संयोजक एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान के अध्यक्ष युधिष्ठिर नायक और पत्रकार इस्माइल खान, शैलेन्द्र देवांगन ने दिल से बधाई देकर, उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। साथ ही साथ अभिषेक, नैमिष, सुमित, नीतेश, विनय, विमल, राहुल, दीपक, क्षितिज, मनोज, प्रमोद आदि लोगो ने बधाई दी है।



## शिवनाथ एक्सप्रेस के चोरों को पकड़ने में रायगढ़ जीआरपी की भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

■ एक्सप्रेस ट्रेन से 65 लाख के गहनों की हुई थी चोरी

शिवनाथ एक्सप्रेस में यात्रा के दौरान राजनांदगांव से दुर्ग के बीच दंपती के बैग मे रखे 65 लाख के हीरे के जेवरात चोरी के मामले में रायगढ़ की जीआरपी टीम ने भी बड़ी भूमिका निभाई है। रेलवे एसपी के निर्देशानुसार रायगढ़ जीआरपी टीम ने कलकत्ता से खरीददार ज्वेलर्स दुकान के संचालक को गिरफ्तार किया है, वहीं उसके पास से चोरी गए सभी हार बरामद किया है।

गौरतलब है कि प्रार्थिया हिना पटेल पति दिनेश पटेल उम्र 54 वर्ष निवासी गोंदिया ने रिपार्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह अपने पति के साथ गोंदिया से रायपुर तक शिवनाथ एक्सप्रेस के 18240 कोच एचए-1 ए-2 सीट नं. 21 में सफर कर रही थी। सफर के दौरान राजनांदगांव से दुर्ग के बीच मे प्रार्थिया का 01 लेडीस पर्स जिसमें दो हीरे का नेकलेस, 04 नग हीरे कि अंगूठी, कान का लटकन एवं नगदी 45 हजार रुपए कुल किमती 65 लाख रुपए कीमती हीरे की ज्वेलरी एवं एक मोबाईल अज्ञात चोर चोरी कर लिया। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद श्रीमती श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा पुलिस अधीक्षक रेल रायपुर के निर्देशन में जीआरपी की टीम ने आरोपी संतोष साव उर्फ अफरीदी पिता रघु साव उम्र 34 वर्ष को गिरफ्तार किया और पूछताछ में पता चला कि उसने कलकत्ता के रोहित उर्फ गोलू निवासी कलकत्ता एवं शेखर निवासी राउरकेला को चोरी के हीरे के आभूषण बेचे हैं। ऐसे में रोहित और शेखर को गिरफ्तार करने के लिए एसपी के निर्देश पर गठित टीम के साथ रायगढ़ जीआरपी की टीम राकेश वर्मा थाना प्रभारी जीआरपी रायगढ़ के मार्गदर्शन में सहायक उपनिरीक्षक भास्कर पाणिग्राही, आरक्षक अवधेश मिश्रा और आरक्षक लकेश्वर मिरी को कलकता गए, जहां से आरोपी शेखर को गिरफ्तार कर लाया गया। आरोपी शेखर के पास से 02 हार, कान का लटकन, हीरे की अंगूठी, नगद 10 हजार रुपए कुल कीमती 65 लाख रुपए जब्त किए गए। जबकि उसका सहयोगी आरोपी रोहित उर्फ गोलू निवासी कलकत्ता अभी फरार है, जिसकी पतासाजी की जा रही है।



## परिजनों को 25-25 हजार की मदद, हाथी के हमले से हुई थी मौत

**रायगढ़।** एक नर हाथी के हमले से दो महिलाओं की मौत हो गई। घटना 10 मई 2025 की रात लगभग 10.30 बजे की है जब हाथी ग्राम झारआमा पहुंचा था। घटना के बाद दोनो मृतक के परिजनों को वन विभाग के द्वारा शासन के नियमानुसार तत्कालीक सहायता राशि 25-25 हजार रुपए दी गई। वनमण्डल धरमजयगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार जशपुर वनमंडल के तपकरा वनपरिक्षेत्र से एक नग नर हाथी ग्राम माड़ो होते हुए ग्राम झारआमा पहुंचा जिसकी सूचना लगभग रात्रि 10.30 बजे के करीब ग्रामीणों द्वारा वन विभाग को दिया गया, जिसकी ट्रेकिंग कर आस पास के 10 ग्रामों में सूचना दी जा रही थी। तभी ग्राम गमेकेला के भदरापारा मोहल्ला घसिया राम यादव एवं उसकी पत्नी श्रीमती सुशीला यादव उम्र 30 वर्ष घर के आंगन परछी में बिना दरवाजा के सोये हुए थे, जिसे हाथी द्वारा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया है। उसके बाद मुड़कर घसिया यादव के घर से करीब 100 मीटर की दूरी पर अपने आंगन में जमीन पर सोये हुए सुनीता के उपर भी हाथी द्वारा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया है।

### ढाबा में बिक रही थी शराब पुलिस ने पकड़ा

**कटेली।** पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय द्वारा जिला में अवैध शराब, गांजा तस्करों, जुआ सट्टा पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने हेतु लगातार कार्यवाही करने के सक्त निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निमिषा पांडे के दिशा निर्देश पुलिस अनुविभागीय अधिकारी स्नेहिल साहू सारंगढ के मार्ग दर्शन में चौकी प्रभारी सहायक उप निरीक्षक विजय गोपाल के द्वारा अपने स्टॉफ प्रधान आरक्षक मिरीराम खुंटे एवं आरक्षक बिहारी लाल साहू के सहयोग से आरोपी रमेश कुमार साहू पिता जगदीश साहू उम्र 30 वर्ष निवासी सेमरापाली व उसके मित्री जोतराम निषाद पिता भगवानों निषाद उम्र 39 वर्ष निवासी गोड़ा कनकबीरा को ग्राम घोराघाटी जनता ढाबा के पास 52 पांव देशी मंदिरा व 25 पांव अंग्रेजी शराब कुल 13.860 लीटर किमत 7160 रुपए के साथ गिरफ्तार किया।

### शिक्षा के अधिकार के तहत जिले के 237 निजी स्कूलों में होना है प्रवेश

# आरटीई : पहले चरण में 711 आवेदन निरस्त, 1645 का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

जिले के 237 निजी विद्यालयों की 2 हजार 132 सीटों पर शिक्षा के अधिकार के तहत पहले चरण में 1 हजार 645 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। पहले चरण में 3 हजार 472 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें नियमानुसार योग्यता पूर्ण नहीं करने पर 711 आवेदनों को निरस्त कर दिया गया। बताया जा रहा है कि आरटीई के तहत चल रही पहले चरण की भर्ती प्रक्रिया 30 मई तक तक चलेगी।

शिक्षा के अधिकार के तहत अपने बच्चों को निजी स्कूलों में दाखिला दिलाने के लिए 2 हजार 132 सीटों के विरूद्ध 3472 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसमें से 2 हजार 353 आवेदनों को स्वीकृत किया गया, जिसके बाद पात्र 1 हजार 645 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। वहीं स्क्रूटनी के दौरान 711 आवेदन रद्द किए गए। इसके साथ ही 352 अपूर्ण और 36 आवेदन मिलते-जुलते थे। बताया जा रहा है कि 728 आवेदन ऐसे हैं जिनका आबंटन अब तक नहीं हो सका है। चयनीत होने के बाद अब अभिभावक स्कूलों में दाखिला कराने के लिए पहुंच रहे हैं। बता दें कि पहले चरण का एडमिशन 30 मई तक चलेगा। जिसके बाद रिक्त सीटों और इसमें नए स्कूलों के जुड़ने के बाद नए आवेदन मंगाए जाएंगे। इसकी प्रक्रिया 20 से 30 जून तक होगी। इसके बाद फिर से लॉटरी और एडमिशन की प्रक्रिया 31 जुलाई तक चलेगी।




#### 2 जून से दूसरा चरण

पहले चरण के लिए आवेदन मंगाए गए थे, जिसमें 1 हजार 645 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। दूसरा चरण आगामी 2 जून से शुरू होने वाला है।

**केव्ही राव**
**जिला शिक्षा अधिकारी**

#### 2 जून से होगा नए स्कूलों का पंजीयन

शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार शिक्षा के अधिकार के तहत चल रहे पहले चरण की समाप्ति के साथ ही आगामी 2 जून से इसका दूसरा चरण शुरू होगा और नए स्कूलों का पंजीयन प्रारंभ किया जाएगा। इसके लिए पहले चरण के एडमिशन के बाद रिक्त सीटें और नए स्कूल की जानकारी एकत्र की जाएगी। दूसरे चरण में नए स्कूलों का पंजीयन 2 जून से प्रारंभ होकर 16 जून तक चलेगा। इसके बाद 18 जून से 30 जून तक आवेदन लिए जाएंगे। 1 जुलाई से 8 जुलाई तक नोडल अधिकारियों द्वारा दस्तावेजों की जांच की जाएगी। इसके पश्चात 14 और 15 जुलाई को लॉटरी निकाली जाएगी। इसके बाद 31 जुलाई तक चयनीत अभ्यर्थियों के दाखिले होंगे।

#### 352 दस्तावेज मिले अधूरे

जानकारी के अनुसार आरटीई के पोर्टल में सुधार कार्य की वजह से करीब 10 दिन तक आवेदन नहीं किया जा सका। इसी सुधार कार्य के कारण आवेदनों की संख्या पिछले साल से कम देखने को मिल रही है। इसके बावजूद करीब 32 प्रतिशत आवेदनों में कुछ त्रुटियां पाई गई, जिसकी वजह से इन्हें रद्द कर दिया गया। इसके साथ ही 711 आवेदन अपात्र और 352 दस्तावेज पूरे नहीं थे, वहीं 36 आवेदन मिलते-जुलते थे।

#### दूसरे चरण में 1 से 11 सौ सीट होने का अनुमान

अहम बात यह है कि जिन अभिभावकों ने पहले चरण में आवेदन नहीं किया है, वे दूसरे चरण में आरटीई के तहत आवेदन कर सकते हैं। बताया जा रहा है कि दूसरे चरण में संभवतः 1 हजार से 1100 तक सीटों के लिए आवेदन लिए जाएंगे। पहले चरण में भी कई स्कूल शामिल नहीं हो सके थे जो दूसरे चरण में शामिल होंगे। ऐसे में यह उनके लिए गए अच्छा मौका होगा जो पहले चरण में आवेदन नहीं कर सके थे।

### मामूली विवाद पर मारपीट, आठ गिरफ्तार

**सरसींवा।** सरसीवां थानाक्षेत्र में मामूली विवाद पर मारपीट करने का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि आधे दर्जन आरोपी फरार चल रहे हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 10 मई को यशवंत रत्नाकर उम्र 29 साल निवासी ग्राम कोदवा दोपहर करीब 1.30 बजे शराब पीने के लिए सरसीवा शराब भट्टी गया था, शराब पीकर वापस आने के दौरान 5.6 मोटरसाइकिल में सवार करीब 10-12 लोगों के द्वारा उसे कौन से गांव में रहते हो पूछते हुए उसके ऊपर हाथ, मुक्का, बेल्ट एवं धारदार हथियार से पीठ पर और सिर पर वार किए थे, आहत वहां से गुजरने वाले ग्रामीण से लिफ्ट लेकर थाना सरसीवा पहुंचा, जहां पुलिस द्वारा उसे तुरंत सीएचसी सरसीवा ले जाया गया जहां आहत को प्राथमिक उपचार पश्चात सीएससी बिलाईगढ़ रिफर किया गया, आहत खतरे से बाहर है।

12-MAY- RAG-Bhoomi pg-2_Layout 1 5/12/2025 7:39 PM Page 1





# 'एसएसएमबी 29' में नजर आएंगे महेश बाबू

**मुंबई।** महेश बाबू एसएस राजामौली की अगली बहुप्रतीक्षित फिल्म 'एसएसएमबी 29' में नजर आएंगे। मौजूदा वक्त में फिल्म की शूटिंग चल रही है।

हाल ही में फिल्म की शूटिंग हैदराबाद और ओडिशा में हुई थी। अब अगला मेन शेड्यूल हैदराबाद और एक अन्य लोकेशन पर होना तय है। हालांकि, अभी इस लोकेशन की जानकारी सामने नहीं आई है। 'एसएसएमबी 29' में पहली बार महेश बाबू एसएस राजामौली के साथ काम कर रहे हैं। इस फिल्म में महेश बाबू के अलावा पृथ्वीराज सुकुमारन और प्रियंका चोपड़ा भी प्रमुख भूमिकाओं में दिखाई देंगे।

## लाइफ Style

# अदा

## बॉलीवुड से लेकर साउथ तक कमाया नाम

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड की कई अभिनेत्रियां ऐसी हैं जो कई कलाओं में माहिर हैं। अदा शर्मा का नाम भी उन्हीं अभिनेत्रियों में आता है। उन्होंने न सिर्फ हिंदी सिनेमा में अपनी अदाकारी से लोगों का मन मोह लिया है, बल्कि उन्होंने साउथ सिनेमा में भी अपनी अदाकारी से छाप छोड़ी है। वह कई तरह की डांस में माहिर हैं।

अदा मार्शल आर्ट भी जानती हैं। कई मौकों पर वह अपनी कला का प्रदर्शन भी करती हैं। अदा शर्मा का जन्म सपनों के शहर मुंबई में 11 मई 1992 को हुआ था। शर्मा का कोई भी फिल्मी बैकग्राउंड नहीं है इसके बावजूद उन्होंने फिल्मी दुनिया में नाम कमाया है। अदा शर्मा के पिता एस एल शर्मा तमिलनाडु से थे। वह भारतीय नैवी में थे। उनकी मां केरल से हैं और क्लासिकल डांसर हैं। कह सकते हैं कि अदा शर्मा की मां डांसर थीं इसलिए अदा का रुझान फिल्मी दुनिया की तरफ हुआ। अदा शर्मा ने अपनी पहली ही फिल्म में कमाल कर दिया था। अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद अदा शर्मा ने साल 2008 में फिल्म '1920' से बॉलीवुड में कदम रखा।

इस हॉरर फिल्म की खूब तारीफ हुई। फिल्म में बेहतरीन काम करने के लिए अदा शर्मा को सर्वश्रेष्ठ डेब्यू अभिनेत्री के लिए फिल्मफेयर अवॉर्ड में नामांकित किया गया। इसके बाद अदा ने 2014 में फिल्म 'हंसी तो फंसी' में अदाकारी की। इसी साल अदा ने तेलुगु फिल्म 'हार्ट अटैक' में बेहतरीन काम किया। साल 2023 में 'द केरल स्टोरी' में उन्होंने मुख्य किरदार निभाया। अदा शर्मा ने अपने करियर में कई फिल्में की हैं लेकिन उन्हें सबसे ज्यादा तारीफ पहली फिल्म '1920' के लिए मिल चुकी है।



## हॉलीवुड मसाला



# गॉडजिला का बन रहा सीक्वल

**लॉस एंजिल्स।** बीते साल 2024 में गॉडजिला और कौंग की भीषण लड़ाई ने सिनेमाघरों में खूब धूम मचाई थी। मॉन्स्टरवर्स की यह छठी फिलम थी और इसने वर्ल्डवाइड 4566.06 करोड़ रुपए का कारोबार किया। यह फिल्म भारत में भी सुपरहिट साबित हुई और 112.54 करोड़ का नेट कलेक्शन किया था। अब मेकर्स ने फ्रेंचाइज की अगली फिल्म की ना सिर्फ घोषणा की है, बल्कि फिल्म के टाइटल 'गॉडजिला और कौंग: सुपरनोवा' के साथ ही 43 सेकेंड का एक टीजर वीडियो भी शेयर कर दिया है।



# क्लो हुई शाहरुख के नेकलेस की दीवानी

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकन टीवी एक्ट्रेस क्लो कार्दशियन ने अपने स्नैपचैट स्टोरी में शाहरुख खान की कुछ तस्वीरें शेयर कर उनकी तारीफ की हैं। उन्होंने किंग खान के बारे में लिखा, 'और निश्चित रूप से मैं 'K' नेकलेस की फैन हूं।' इसके आगे उन्होंने बताया, 'वह शानदार लग रहे थे, और यह देखना बहुत अच्छा है कि कैसे प्रतिभाशाली डिजाइनर दुनिया भर से अपनी संस्कृति और फैशन के तत्वों को इवेंट की थीम के साथ शामिल करते हैं।'आगे क्लो कार्दशियन ने बताया, 'भारतीय डिजाइनर सब्यसाची मुखर्जी द्वारा तैयार किए गए उनके लुक में भारतीय मेन्सवियर के डिजाइन तत्व शामिल किए गए हैं।' इसके अलावा उन्होंने कहा, 'मुझे किंग खान को मेट गाला में देखकर बहुत अच्छा लगा।



# फर्जी अकाउंट का शिकार हुईं कपिला...

**मुंबई।** अभिनेत्री और डिजिटल इंफ्लुएंसर एक बार फिर चर्चा का हिस्सा बन गईं जब उनके नाम से एक फर्जी फेसबुक अकाउंट बन गया। इस फर्जी अकाउंट के जरिए लोगों से पैसे मांगे जा रहे हैं। अब अभिनेत्री ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए सभी फैंस को इस फ्रॉड से बचने की अपील की है। हम बात कर रहे हैं एक्ट्रेस कुशा कपिला की, जिन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए बताया कि एक फेसबुक पेज उनके नाम और तस्वीर का इस्तेमाल कर रहा है, लेकिन वह उस अकाउंट से जुड़ी नहीं हैं। उन्होंने साफ किया कि उस अकाउंट पर जो भी आपत्तिजनक संदेश भेजे जा रहे हैं या पैसों की मांग की जा रही है, उसका उनसे कोई लेना-देना नहीं है। कुशा के इस फर्जी अकाउंट के बायो में लिखा हुआ है, 'छोटा और बेवकूफ' जिसे पढ़ने के बाद फैंस भी काफी दंग हैं।




# इंग्लिश में भी बनेगी ऑपरेशन सिंदूर

**मुंबई।** बॉलीवुड में कई फिल्ममेकर्स हैं जो इस वक्त ऑपरेशन सिंदूर पर फिल्म बनाना चाहते हैं। इस टाइटल को कई निर्माता ट्रेडमार्क करने की सोच रहे हैं। इसी बीच एक प्रोडक्शन कंपनी ने दावा किया है उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर टाइटल का ट्रेडमार्क करवा लिया है। साथ इन लोगों ने फिल्म 'ऑपरेशन सिंदूर' का एक पोस्टर भी जारी किया। इसी बात को लेकर ये मेकर्स ट्रोल्स भी हुए थे, इन्होंने माफी भी मांगी थी। अब फिल्म से जुड़ा नया अपडेट सामने आया है। निक्की विक्की भगनानी फिल्म्स और द कंटेंट इंजीनियर नाम के एक प्रोडक्शन हाउस ने दावा किया है कि उनके पास कानूनी तौर पर ऑपरेशन सिंदूर का टाइटल है। इसके बाद ही उन्होंने फिल्म का पोस्टर भी जारी किया है। इस फिल्म की कास्टिंग अभी नहीं हुई लेकिन जल्द ही इसके बारे में भी जानकारी प्रोडक्शन हाउस देगा।

## टीवी मसाला



# केवल चार महीने के लिए ही था मेरा किरदार...

**नई दिल्ली।** टीवी अभिनेता मनीष गोयल पिछले कुछ वक्त से टीवी के मशहूर धारावाहिक 'अनुपमा' को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। ऐसी खबरें चल रही हैं कि सीरियल की मुख्य अभिनेत्री रूपाली गांगुली से मतभेदों के चलते मनीष ने अनुपना शो को छोड़ दिया है। अब चर्चाओं पर अभिनेता मनीष गोयल ने चुप्पी तोड़ते हुए अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने पूरे मामले में क्या सच्चाई है ये बताया है। अभिनेता ने कहा, अनुपमा में राघव के रूप में उनकी भूमिका कभी भी स्थायी नहीं थी और शुरू से ही यह कुछ दिनों के लिए ही बनाई गई थी। मेरा किरदार केवल चार महीने तक चलने वाला था। उसमें से मैंने पहले ही तीन महीने पूरे कर लिए हैं। मनीष ने रोल को लेकर विवाद और शो छोड़ने की अफवाहों को खारिज किया। उन्होंने कहा, जब किसी अभिनेता का कैमियो बढ़ाया जाता है, तो यह उनके लिए बहुत अच्छा काम करता है और यदि ऐसा नहीं होता है, तो भी ठीक है। क्योंकि इसके बारे में आपको पहले से ही बताया जा चुका होता है। मनीष के इस स्पष्टीकरण के बाद यह साफ है कि शो में अचानक कोई बदलाव या विवाद नहीं हुआ है। न ही उनके किरदार को किसी विवाद के चलते हटाया गया। यह पहले से ही निर्धारित था। जिसके कारण उनके चरित्र को समाप्त कर दिया गया। रूपाली गांगुली के साथ झगड़े की अफवाहों को खारिज करते हुए मनीष ने कहा, रूपाली और मेरी पहचान आज की नहीं है। मैं उन्हें तब से जानता हूं जब मैं मुंबई आया था।

## पापा कहते थे 'वेश्या', बॉयफ्रेंड ने दिया था प्यार में धोखा

**नई दिल्ली।** शाइनी दोशी ने कई टीवी सीरियल में काम किया है। साल 2012 में वह मुंबई आई थीं और उन्हें पहला शो संजय लीला भंसाली का 'सरस्वतीचंद्र' मिला था। हालांकि, उनको एक्टिंग नहीं आती थी। क्योंकि उन्होंने सीखा ही नहीं था। उन्होंने सिद्धार्थ कन्नन को दिए इंटरव्यू में बताया कि वह एक्टिंग में किन्हीं कारणों से आई थीं। और, वह वजह ये थी कि उनके पापा ने उन्हें छोड़ दिया था। और एक्ट्रेस को अपनी स्कूल-कॉलेज की फीस खुद ही भरनी थी। कोई सम्भालने वाला नहीं था। उन्होंने ये भी बताया कि उनके पापा उन्हें 'वेश्या' कहते थे। उनके एक्स बॉयफ्रेंड ने भी उनको कई बार धोखा दिया था। शाइनी ने बताया कि उन्होंने कई ऑडिशन्स दिए थे और फिर उनको जाकर अपना पहला शो मिला था। उन्होंने बताया कि जब उनके मम्मी-पापा अलग हुए तो पापा के साइड की फैमिली ने उनसे रिश्ते तोड़ दिए थे।



# किसी पागल औरत के लिए वो कभी नहीं छोड़ेंगे : सुनीता



**मुंबई।** किसी पागल औरत के लिए वो कभी नहीं छोड़ेंगे, क्योंकि हम एक दूसरे के बिना बिल्कुल नहीं रह सकते। मुझे पूरा यकीन है कि भगवान मेरे घर को टूटने नहीं देंगे। यह कहना है बॉलीवुड एक्टर गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा का, जिन्होंने तलाक की अफवाहों का अब सच बताया है। सुनीता ने डिवोर्स की खबरों पर अब खुद सामने आकर विराम लगा दिया है। एक इंटरव्यू में सुनीता ने अपनी जिंदगी से जुड़े कई पहलुओं के बारे में बताया। इस दौरान जब उनसे पिछले काफी समय से उड़ रहीं तलाक की अफवाहों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने बेबाकी से अपनी बात रखी और साफ शब्दों में कहा कि उनके और गोविंदा के बीच ऐसा कुछ नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा, 'अगर कभी ऐसा कुछ होता भी है, तो सबसे पहले मैं या गोविंदा खुद मीडिया को बताएंगे। मुझे समझ नहीं आता कि लोग बिना पुष्टि किए अफवाहों पर विश्वास क्यों कर लेते हैं।'आगे बात करते हुए सुनीता ने कहा, 'मैं और गोविंदा एक-दूसरे के बिना नहीं रह सकते। गोविंदा कभी भी अपने परिवार को छोड़ने का फैसला नहीं कर सकते और न ही वो किसी 'पागल औरत' के लिए ऐसा करेंगे।'उनका यह बयान सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और फैंस की अलग-अलग प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है।

# निरूपा रॉय से लेकर इन अभिनेत्रियों तक ने निभाए सबसे ज्यादा मां के रोल, बड़े पर्दे पर दिखाई ममता

*__नई दिल्ली।__ 'तू कितनी अच्छी है, तू कितनी भोली है, प्यारी-प्यारी है, ओ मां, ओ मां' मां को समर्पित 'राजा और रंक' फिल्म का ये गीत बॉलीवुड के यादगारों गीतों में से एक है। आज मदर्स डे के मौके पर ये गीत आपको कई लोगों के व्हाट्सएप स्टेटस और इंस्टाग्राम स्टोरी में सुनने को मिल जाएगा। हर किसी के जीवन में मां का किरदार सबसे अहम होता है। बॉलीवुड में भी कई ऐसी अभिनेत्रियां हैं, जिन्होंने पर्दे पर मां के किरदार को जीवंत किया है। कुछ अभिनेत्रियों ने तो एक नहीं बल्की कई फिल्मों में मां की भूमिका निभाई है।*

***निरूपा रॉय*** : 'मेरे पास मां है', अमिताभ बच्चन-शशि कपूर की 'दीवार'फिल्म का ये डायलॉग जिस मां के लिए बोला गया है वो कोई और नहीं बल्कि अभिनेत्री निरूपा रॉय हैं। हिंदी फिल्मों में मां पर बात हो और निरूपा रॉय का जिक्र न हो, ऐसा तो हो ही नहीं सकता। निरूपा रॉय ने दीवार, दो बीघा जमीन, अमर-अकबर-एंथोनी, सुहाग, मुकद्दर का सिकंदर और मर्द जैसी कई यादगार फिल्मों में मां का किरदार निभाया है। निरूपा रॉय ने अपने करियर में अमिताभ बच्चन और शशि कपूर से लेकर धर्मेंद्र और देवानंद सरीखे कई स्टार्स की मां का किरदार निभाया है। ऐसा कहा जाता है कि निरूपा रॉय ने अपने करियर में लगभग 200 फिल्मों में मां की भूमिका निभाई है। इसीलिए उन्हें बॉलीवुड की मां कहा जाता है।



**दुर्गा खोटे** : बॉलीवुड की ऐतिहासिक फिल्म 'मुगल ए आजम' में दिलीप कुमार के किरदार सलीम की मां का रोल तो आपको याद ही होगा। इस किरदार को निभाया था अभिनेत्री दुर्गा खोटे ने। अपने लगभग पांच दशक लंबे करियर में दुर्गा खोटे ने अधिकतर फिल्मों में मां का किरदार निभाया है। वो दिलीप कुमार से लेकर अमिताभ बच्चन और ऋषि कपूर तक की मां की भूमिका में नजर आ चुकी हैं। उन्होंने नमक हराम, गोपी, इंसानियत, कर्ज, दौलत के दुश्मन और मुगल-ए-आजम जैसी फिल्मों में मां का किरदार निभाया है।



**ललिता पवार** : मां के कई रूप होते हैं। कभी वो ममता से भरी होती है, तो कभी उसमें एक सख्ती देखने को मिलती। ललिता पवार बॉलीवुड में दूसरे किस्म की मां के रूप में अधिक मशहूर हुईं। अपने सात दशक लंबे करियर में तकरीबन 700 से अधिक फिल्मों में काम करने के बाद ललिता पवार को प्रसिद्धि क्रूर सास और मां के किरदारों से ही मिली। उन्होंने ' अनारकल , परवरिश, अनाड़ी, जिस देश में गंगा बहती है और दुश्मन जैसी कई फिल्मों में मां का यादगार किरदार निभाया है।



**दीना पाठक** : दीना पाठक ने बॉलीवुड में कई यादगार मां के किरदार निभाए हैं। उन्हें बॉलीवुड में मां और मौसी के किरदारों के लिए जाना जाता है। अपने करियर में 120 से अधिक फिल्मों में काम करने वाली दीना पाठक ने गोलमा, खूबसूरत, भवानी भवई, मिर्च मसाला, तमस, इजाजत, बॉलीवुड/हॉलीवुड और पिंजर जैसी कई फिल्मों में मां की यादगार भूमिका निभाई है।



## कई सेलेब्स ने सोशल मीडिया के जरिए अपनी मां को किया याद

# अनिल- सनी देओल समेत इन सेलेब्स ने किया मां को याद

*__मुंबई।__ रविवार को मदर्स डे के खास मौके पर करीना कपूर, अनिल कपूर से लेकर सनी देओल तक कई सेलेब्स सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपनी मां को याद किया या उनके प्रति अपना प्यार जताए। करीना कपूर और दीया मिर्जा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर मदर्स डे के मौके पर प्यारी सी पोस्ट साझा की है। अपनी पोस्ट के जरिए वह मां होने के अहसास और ताकत के बारे में बता रही हैं। करीना और दीया के अलावा अंकिता लोखंडे ने भी मदर्स डे पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें वह मां के साथ गुजारे प्यारे पलों को शेयर कर रही हैं। इनके अलावा कई और एक्टर्स भी मदर्स डे पर सोशल मीडिया पर पोस्ट की है।*

### करीना ने मां की ताकत के बारे में बताया

करीना कपूर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें मां की स्ट्रेंथ क्या होती है, इस बारे में लिखा है। करीना की पोस्ट में लिखा है कि एक मां हर दर्द को सहन करते हुए, बिना ब्रेक लिए अपने बच्चे की परवरिश करती है। वह ऐसा इसलिए कर पाती है क्योंकि उसका प्यार अपने बच्चे के लिए सच्चा होता है।

### दीया ने नेचर से जोड़कर कही अपनी फीलिंग्स

दीया मिर्जा ने भी एक पोस्ट मदर्स डे पर किया है। इस पोस्ट में मदर्स डे विश किया गया है। मदर नेचर से जोड़कर दीया ने यह पोस्ट साझा की है। मदर नेचर कैसे हमने और हम उससे जुड़े रहते हैं, यही इस पोस्ट में लिखा है।



**अल्लू अर्जुन** : अभिनेता अल्लू अर्जुन ने भी मां के साथ तस्वीरें शेयर की हैं। साथ ही अपनी पत्नी और मां की साथ में कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इसके अलावा सभी मांओं को मदर्स डे की शुभकामनाएं दी हैं।

### आपका प्यार मेरे लिए सबसे बड़ा उपहार है

सनी देओल ने अपनी मां प्रकाश कौर को मदर्स डे पर शुभकामनाएं देते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर की है, जिसमें उन्होंने मां के साथ कई तस्वीरों की एक स्लाइड शेयर कीं और साथ ही एक इमोशनल नोट भी लिखा, जो अब सोशल मीडिया पर फैंस के बीच चर्चा का विषय बन चुका है। सनी देओल ने आज इंस्टाग्राम पर अपनी मां प्रकाश के साथ कई तस्वीरों की एक मूविंग स्लाइड शेयर की है। इन बेहतरीन और शानदार तस्वीरों की स्लाइड के साथ सनी ने कैप्शन में लिखा, 'उस महिला के लिए जिसने मुझे बिना कुछ मांगे सब कुछ दिया - आपका प्यार मेरे लिए सबसे बड़ा उपहार है। मदर्स डे की शुभकामनाएं, मां।' सनी की इस पोस्ट पर गदर अभिनेत्री अमीषा पटेल ने कमेंट में दिल वाले इमोजी बनाए हैं।



### अनिल और बोनी कपूर ने मां को किया याद

हाल ही में बोनी और अनिल कपूर की मां निर्मला कपूर का निधन हुआ है। दोनों ही भाइयों ने मदर्स डे पर पोस्ट की और अपनी मां को याद किया। बोनी लिखते हैं, 'आपको अलविदा कहना सबसे मुश्किल था।'



**रकुल प्रीत** : रकुल प्रीत ने भी अपनी मां और सास के साथ तस्वीर इंस्टाग्राम पर साझा की है। इसमें रकुल लिखती हैं कि वह लकी जो एक नहीं दो मांएं मिलीं। साथ ही वह फैंस को भी मदर्स डे विश करती हैं।



**नीतू कपूर** : नीत कपूर ने अपनी बेटी रिद्धिमा और बहू आलिया की तस्वीरें साझा करते हुए मदर्स डे पर सबको विश किया है।

## खबर संक्षेप

### झारखंड के लोग कर रहे अवैध रेत उत्खनन, कार्रवाई

**रामानुजगंज।** विकासखंड रामचंद्रपुर के ग्राम लिबरा कनहर नदी से कई दिनों से लगातार झारखंड के लोगों द्वारा अवैध रेत उत्खनन किया जा रहा था। ग्रामीणों ने इसका विरोध किया परंतु अवैध रेत उत्खनन नहीं रूका। शनिवार की शाम ग्रामीणों ने नदी में जाकर विरोध करने लगे तभी सनावल थाना प्रभारी दिव्यकांत पांडे सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा और अवैध रेत उत्खनन में प्रयुक्त होने वाले तीन ट्रैक्टर को जब्त कर थाने लाया। थाना प्रभारी ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर गया था अग्रिम कार्रवाई तहसीलदार द्वारा की जाएगी। जानकारी के अनुसार ग्राम लिबरा के कनहर नदी में झारखंड से आने वाले ट्रैक्टर द्वारा रेत का अवैध उत्खनन कर झारखंड ले जाया जा रहा था। जिसका क्षेत्र के लोगों द्वारा विरोध किया जा रहा था ग्रामीणों ने बताया कि कई दिनों से ट्रैक्टर से अवैध रूप से रेत झारखंड ले जाया जा रहा था जिसका हम लोगों ने विरोध भी किया था परंतु ट्रैक्टर से लगातार झारखंड में रेत का जाना रुक नहीं रहा था। शनिवार की शाम इसका विरोध किया गया विरोध की सूचना पर तत्काल मौके पर थाना प्रभारी दिव्या कांत पांडे पुलिस बल के साथ पहुंचे एवं अवैध रेत उत्खनन में प्रयुक्त तीन ट्रैक्टर को जब्त कर सनवाल थाना लाया गया थाना प्रभारी ने बताया की अग्रिम कार्रवाई तहसीलदार द्वारा की जाएगी।

### गैरेज में घुसकर चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** तातापानी चौकी पुलिस के अनुसार ग्राम धनगांव निवासी 22 वर्षीय नूरताज अंसारी आ. जन्नत अंसारी की मोटर साइकिल गैरेज की दूकान है। 10 मार्च की रात अज्ञात व्यक्ति ने दुकान के एस्बेस्टस शीट को उखाड़कर दुकान में रखा एक नग टायर, तीन नग मोबिल आयल, व अन्य सामान पार कर दिया था। पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर तातापानी निवासी 21 वर्षीय अभिषेक पन्ना उर्फ गुटखा आ. विश्वनाथ पन्ना को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को धारा 305 (क), 331(4) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### बैकुंठपुर के समीप सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल के ऑफिसर्स टूए कॉलोनी वार्ड नंबर नौ निवासी रिटायर्ड कॉलरी कर्मी मृत्युंजय प्रसाद के 33 वर्षीय पुत्र आशुतोष कुमार व कार चला रहा दोस्त 25 वर्षीय युवक सुशांत सोनी निवासी चिरमिरी की बीती रात बैकुंठपुर में हुए सड़क हादसे में मौत हो गई। घटना शनिवार देर रात की बताई गई है। घटना मध्यरात्रि में बैकुंठपुर से पहले घासी चौक के पास हुई जहां सामने से आ रही महिंद्रा स्कॉर्पियो वाहन और मारुती ऑल्टो कार की आमने सामने हुई जबरदस्त भिड़ंत में ऑल्टो कार सवार युवक सुशांत सोनी और आशुतोष कुमार की मौत हो गई।आशुतोष के परिजनों के मुताबिक आशुतोष व सुशांत दोनों आपस में घनिष्ठ मित्र थे।घटना से एक दिन पहले ही अपने ऑल्टो कार से सुशांत सोनी दोस्त आशुतोष से मिलने बिश्रामपुर आया हूआ था,शनिवार की रात दोनों ऑल्टो कार में सवार होकर चिरमिरी के लिए निकले थे इसी दौरान हादसा हो गया।


**न्यायालय नजूल अधिकारी धरमजयगढ़**
**जिला-रायगढ़ (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र../31-8/2024-25
निवासी-धरमजयगढ

सर्व साधारण नागरिक धरमजयगढ़ को सूचित किया जाता है कि आवेदक जैतसिंह पिता स्व. कीर्ति प्रताप उम्र लगभग-47 वर्ष, निवासी- धरमजयगढ तहसील- धरमजयगढ जिला- रायगढ़ (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 109, 110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 प्रस्तुत कर यह कि आवेदक के पिता कीर्ति प्रताप सिंह के स्वत्व व आधिपत्य की भूमि नगर धरमजयगढ़ जिला रायगढ़ में स्थित थी। जिसमें वर्तमान राजस्व अभिलेख में आवेदक का नाम अंकित है। जिसका विवरण इस आवेदन के साथ संलग्न परिशिष्ट "अ" में किया गया है। आवेदक के पिता द्वारा अपने जीवनकाल में परिशिष्ट "अ" की भूमि में से 1/4 अंश को वसीयतनामा दिनांक 14.03.1994 द्वारा आवेदक को प्रदान कर दिया है। आवेदक के पक्ष में निष्पादित उपरोक्त वसीयतनामा के आधार पर आवेदक एवं अनावेदक के मध्य आपसी पारिवारिक व्यवस्था एवं अनावेदक द्वारा दिये गये सहमति के आधार पर आवेदक को परिशिष्ट "अ" में से 1/4 अंश प्रदान कर दिया गया है, जिसपर आवेदक विधिवत काबिज हो उसका उपयोग कर रहा है। आवेदक को आपसी सहमति के आधार पर जो भूमि प्रदान किया गया है उसका विवरण इस आवेदन के साथ संलग्न परिशिष्ट "ब" में वर्णित है। आवेदन के साथ संलग्न परिशिष्ट "ब" की भूमि में आवेदक का नाम राजस्व पत्रों में अंकित किया जाना आवश्यक है, जिस हेतु अनावेदक पूर्ण रूप से सहमत है तथा उनकी ओर से निष्पादित सहमति पत्र भी इस आवेदन के साथ संलग्न है। आवेदक का नाम परिशिष्ट "ब" की भूमि में अंकित किये जाने हेतु आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी हितबद्ध पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति/दावा वगैरह प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 19.05.2025 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील, मुहर अंकित कर जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी धरमजयगढ़**


# अम्बिकापुर बना रात्रिकालीन वॉलीबॉल चैंपियन, पोतरा को 3-2 से हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिला मुख्यालय के रणजीता स्टेडियम में 9 मई से 11 मई 2025 तक आयोजित ओपन चैलेंज रात्रिकालीन वॉलीबॉल प्रतियोगिता रोमांच और उत्साह से भरी रहा। प्रतियोगिता में कुल 18 टीमों ने भाग लिया, जिनमें छत्तीसगढ़ के अलावा झारखंड और ओडिशा की टीमें भी शामिल थीं। तीन दिनों तक चले इस मुकाबले में खिलाड़ियों ने जबरदस्त खेल कौशल और खेल भावना का प्रदर्शन किया।

■ तीन दिवसीय फ्लड लाइट वॉलीबॉल प्रतियोगिता का हुआ समापन

### तीन राज्यों की टीमें उतरी मैदान में

प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों से आई टीमों ने भाग लिया, जिनमें अम्बिकापुर, पोतरा (लैलूंगा), कुरडेग, गुमला, राउरकेला, आदि प्रमुख रहीं। खेल के प्रति युवाओं का उत्साह देखते ही बनता था। सभी मुकाबले रात्रिकालीन रोशनी में आयोजित किए गए, जिससे स्थानीय दर्शकों की भारी भीड़ देखने को मिली।


विजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्राफी प्रदान करते अतिथि।

**सेमीफाइनल मुकाबले रहे एकतरफा:** चार टीमों अम्बिकापुर, पोतरा (लैलूंगा), कुरडेग और गुमला ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। पहले सेमीफाइनल में अम्बिकापुर ने गुमला को सीधे सेटों में 3-0 से पराजित किया।
**गुमला तीसरा व कुरडेग चौथा स्थान:** सेमीफाइनल में हार के बाद तीसरे स्थान के लिए गुमला और कुरडेग के बीच मुकाबला हुआ। गुमला ने 3-1 से जीत हासिल कर प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया।

### अतिथियों की उपस्थिति ने बढ़ाया आयोजन का गौरव

समापन समारोह में जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष युवराज शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, एवं नगर पालिका अध्यक्ष अरविन्द भगत मुख्य रूप से उपस्थित रहे।अतिथियों ने विजेता टीम अम्बिकापुर को 21,000 नगद और ट्रॉफी, उपविजेता पोतरा (लैलूंगा) को 15,000 नगद व ट्रॉफी, तथा तृतीय स्थान प्राप्त गुमला (झारखंड) को 7,000 नगद व ट्रॉफी प्रदान की।

### फाइनल में चला अनुभव बनाम जोश का संघर्ष

फाइनल मुकाबला अम्बिकापुर और पोतरा (लैलूंगा) के बीच खेला गया। मैच बेहद संघर्षपूर्ण और दर्शकों के रोमांच को बढ़ाने वाला रहा। दोनों टीमों ने एक-एक अंक के लिए पूरा दमखम लगाया। अंततः अम्बिकापुर ने अनुभव और सामंजस्य के दम पर पोतरा को 3-2 से हराकर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम कर लिया।

### खिलाड़ियों को विशेष सम्मान

प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी अंकित (लड्डू), अम्बिकापुर,बेस्ट सेटर सच्चिदानंद (लल्ला), अम्बिकापुर,बेस्ट स्मैशर जे पी (सोनू) पोतरा बेस्ट डिफेंडर मानी पोतरा, फाइनल का मैन ऑफ द मैच रवि खुंटिया अम्बिकापुर को मिला।

### प्रशासन ने निभाई अहम भूमिका

पूरे आयोजन में एसडीएम ओंकार यादव, डिप्टी कलेक्टर हरिओम द्विवेदी एवं विश्वास राव मस्के का विशेष सहयोग रहा। इन अधिकारियों के मार्गदर्शन और सहयोग से आयोजन व्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ।

### समिति का समर्पण सराहनीय, 'टार्जन' को किया गया सम्मानित

आयोजन समिति के सभी सदस्यों ने पूरे मनोयोग से अपने कर्तव्यों का पालन किया। विशेष रूप से दशरथ (टार्जन) को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया।रेफरी के रूप में नेशनल रेफरी दिनेश साहू एवं स्टेट रेफरी मुन्ना राजवाड़े ने निष्पक्ष और कुशल निर्णय दिए।जनता, मीडिया और अतिथियों ने आयोजन को बनाया सफल स्थानीय नागरिकों, मीडियाकर्मियों और सभी अतिथियों के सहयोग से यह प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न हो सकी।

## आरोपी पति को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा गया जेल

# घरेलू विवाद में पत्नी की हत्या, इलाज के दौरान अस्पताल में तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के पत्थलगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कटंगजोर पटेलपारा में एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। एक पति ने घरेलू विवाद में अपनी पत्नी पर टांगी से जानलेवा हमला कर दिया। महिला को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

**पुलिस ने आरोपी को भेजा जेल:** पत्थलगांव पुलिस ने आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि मामले में सभी आवश्यक कानूनी प्रक्रियाएं पूरी की जा चुकी हैं और अब आगे चार्जशीट दाखिल कर मामला न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

**वैज्ञानिक टीम की मौजूदगी में जुटाए गए साक्ष्य:** पुलिस ने जांच के दौरान वैज्ञानिक अधिकारियों की उपस्थिति में घटनास्थल का निरीक्षण किया। मौके से खून से सनी मिट्टी और हत्या में प्रयुक्त टांगी जब्त की गई। पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है।

**घरेलू विवाद बना जानलेवा:** घटना 9 मई 25 की है। जानकारी के अनुसार पटेल नाग (55 वर्ष) का अपनी पत्नी प्यारी बाई नाग (50 वर्ष) से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। विवाद इतना बढ़ गया कि गुस्से में आकर पति ने घर में रखी टांगी उठाकर पत्नी के चेहरे व आंख के पास जोरदार वार कर दिया। गंभीर रूप से घायल प्यारी बाई को पहले पत्थलगांव अस्पताल और बाद में अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, लेकिन 10 मई को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

**अंबिकापुर में मर्ग,पत्थलगांव में दर्ज हुआ हत्या का मामला:** मृत्यु की सूचना अंबिकापुर पुलिस सहायता केंद्र को दी गई, जहां बिना नंबरी मर्ग क्रमांक 00/2025 धारा 194 बीएनएसएस के तहत मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इसके बाद मर्ग डायरी पत्थलगांव थाना भेजी गई। जहां असल मर्ग क्रमांक 50/2025 के तहत जांच की गई।जांच में यह साफ हुआ कि मृतिका की मौत उसके पति द्वारा टांगी से सिर और चेहरे पर किए गए हमले के कारण हुई। इसके आधार पर आरोपी पटेल नाग के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (**BNS**) की धारा 103(1) के तहत हत्या का मामला दर्ज किया गया।

## पुलिस का ऑपरेशन मुस्कान

# पुलिस ने नाबालिग का केरल से किया रेस्क्यू

**जशपुरनगर।** जिले की पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत एक और बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक नाबालिग लड़की को करीब 11 महीने बाद केरल से सकुशल बरामद किया है। आरोपी युवक ने नाबालिग को बहला- फुसलाकर शादी का झांसा दिया और केरल ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।



**बच्ची सुरक्षित बरामद:** एसएसपी शशि मोहन सिंह के निर्देश पर एक विशेष टीम गठित कर केरल रवाना की गई। पुलिस टीम ने ग्राम कोंडापल्ली में दबिश दी और आरोपी के कब्जे से नाबालिग लड़की को सकुशल बरामद किया।

### घर से निकली थी लड़की, नहीं लौटी

यह मामला जिले के दोकड़ा चौकी क्षेत्र का है। एक ग्रामीण ने 1 अगस्त 2025 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी 15 वर्षीय बेटी 20 जून 2024 को अपनी सहेली के घर जाने की बात कहकर निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। परिजनों एवं रिश्तेदारों के अलावा आस-पास के गांवों में तलाश की लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। उन्हें संदेह था कि किसी व्यक्ति ने उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर भगा लिया है।दोकड़ा पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आईपीसी की धारा 363 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की।

### पहले भी जेल जा चुका है आरोपी, अश्लील वीडियो वायरल करने का मामला

जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी दीपेश कुजूर का आपराधिक रिकॉर्ड पहले से रहा है। वह थाना पत्थलगांव क्षेत्र में अश्लील वीडियो वायरल करने के एक मामले में जेल जा चुका है। इससे उसकी आपराधिक प्रवृत्ति स्पष्ट होती है। टीम ने निभाई अहम भूमिका, पुलिस कप्तान ने की सराहना इस कार्रवाई में दोकड़ा चौकी प्रभारी उप निरीक्षक अशोक यादव, एएसआई रामजीत साय, महिला अधिकारी नीता कुर्रे, आरक्षक शशि तिर्की, शांति लकड़ा, मनोज मिश्रा एवं साइबर सेल के आरक्षक अनील सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# श्रीराम की लीला से भावविभोर हुए श्रोता

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

हृदयस्थल वृन्दावन इम्पीरियल होटल में रविवार को एक दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के भावों से सराबोर वातावरण में सम्पन्न हुआ। छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध रामकथा वाचक गोकुलानंद पटनायक ने श्रोताओं को प्रभु श्रीराम के जन्म से लेकर वनवास, सीता हरण और हनुमान जी के अद्भुत कार्यों की गाथा सुनाकर भक्तिभाव से अभिभूत कर दिया। श्री पटनायक ने कथा की शुरुआत भगवान श्रीराम के जन्म से करते हुए क्रमशः उनकी शिक्षा-दीक्षा, गुरु वशिष्ठ की शिक्षाओं, विश्वामित्र के साथ जनकपुर यात्रा, माता सीता से विवाह, लक्ष्मण-परशुराम संवाद और फिर 14 वर्षों के वनवास की व्याख्या की। उन्होंने वनगमन के समय राम से मिले वनवासियों के प्रेम को अत्यंत मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया। कथा के दौरान शबरी प्रसंग, सीता हरण, हनुमान जी की लीलाएं, तथा सतयुग से द्वापर युग तक उनके कार्यों की व्याख्या ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया।



### जमीन हथियाने वाले भूमाफिया भाई समेत तीन गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** पहाड़ी कोरवा ग्रामीण की जमीन को फर्जी दस्तावेजों के आधार पर हथियाने और उसे प्रताड़ित कर आत्म हत्या के लिए मजबूर करने के मामले में पुलिस की कार्रवाई जारी है। पुलिस लगातार भूमाफियाओं पर शिकंजा कस रही है। पुलिस ने अब इस मामले में तीन अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है जबकि पूर्व में तीन आरोपियों को पकडकर जेल भेजा गया था। पकड़े गए आरोपियों में एक पटवारी भी शामिल है। इस हिसाब से अब तक छह आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है जबकि मुख्य आरोपी व उप पंजीयक अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर बताए जा रहे है। बड़ी बात यह है कि आरोपियों ने ग्रामीण की जमीन को 14 लाख रूपए में सौदाकार फर्जी तरीके से खरीद लिया था।

# बगिया में नागरिकों को जनमन पत्रिका का वितरण



जनमन पत्रिका का अध्यन करते आम नागरिक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय बगिया में विगत दिवस जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित जनमन पत्रिका का निः शुल्क वितरण किया गया। जनमन पत्रिका पाकर नागरिकों ने बताया कि जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित छत्तीसगढ़ जनमन पत्रिका में दी गई सरकार द्वारा संचालित योजनाओं, उपलब्धियों और आंकड़ों की जानकारी मिलती है जो की उनके लिए काफी लाभकारी है। जनमन पत्रिका के माध्यम से योजनाओं के अलावा करेंट अफेयर की भी जानकारी मिलती है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए इस पुस्तक में योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में काफी विस्तार से जानकारी दी गई है।

### जिले के किसानों को मिल रहा योजनाओं का लाभ

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार किसानों को ग्रीष्म काल में धान के बदले अन्य फसल लगाने के लिए उघान विभाग की योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। किसानों को उचित मार्गदर्शन और अच्छी किस्म की बीज एवं आदान सामग्री भी प्रदान किया जा रहा है। जिसे कृषक उत्साह के साथ दलहन-तिलहन लगाकर कम लागत में अधिक लाभ प्राप्त कर रहे हैं। पत्थलगांव विकासखण्ड के ग्राम कृषक अरूण कुमार भगत ने ग्रीष्मकालीन धान के बदले दलहन-तिलहन मक्का योजना के तहत अपने रकबा-1.500 हे. में से रकबा-1.00 हे. में मक्का लगाए हैं। कृषक अरूण मक्का किस्म-कॉर्न 9544 बीज एवं आदान सामग्री वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पत्थलगांव से प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि मक्का के उत्पादन से प्रति हेक्टेयर 35 हजार रूपए लाभ प्राप्त होने की संभावना है।













## खबर संक्षेप

### नवरंगपुर में अवैध शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** कोतरारोड़ थाना पुलिस ने सोमवार को अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई जारी रखते हुए नवरंगपुर कुलबा मेन रोड स्थित पुलिया के पास से एक आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली थी कि ग्राम नवापारा की ओर से एक व्यक्ति अवैध महुआ शराब लेकर नवरंगपुर की ओर जा रहा है, जिस पर थाना प्रभारी के निर्देश पर प्रधान आरक्षक शंभू खैरवार और आरक्षक प्रवीण राज की टीम गठित कर घेराबंदी की गई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए संदिग्ध युवक रोहित कुमार यादव पिता श्रीधारी यादव, उम्र 42 वर्ष, निवासी नवरंगपुर, थाना कोतरारोड़ को मौके पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से तीन प्लास्टिक की बोतलों में करीब 5 लीटर 500 मिली अवैध महुआ शराब बरामद की गई, जिसकी बाजार कीमत लगभग 550 रुपये आंकी गई है। पुलिस ने मौके पर शराब की जब्ती की कार्रवाई की और आरोपी के खिलाफ थाना कोतरारोड़ में छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 59(क) के तहत अपराध दर्ज किया गया है। कोतरारोड़ पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध लगातार कार्रवाई जारी है।

### रेलवे स्टेशनों पर संदिग्धों की चेकिंग, सतर्क रहने की अपील

**जांजगीर-चांपा।** वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए जिले में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जांजगीर-चांपा पुलिस ने रेलवे स्टेशनों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में यह अभियान एसडीओपी जांजगीर कविता ठाकुर एवं एसडीओपी चांपा यदुमणि सिदार के नेतृत्व में संचालित किया गया। अभियान के तहत नैला और चांपा रेलवे स्टेशन पर बीडीएस टीम द्वारा मेटल डिटेक्टर एवं अन्य सुरक्षा उपकरणों के माध्यम से संदिग्ध व्यक्तियों व वस्तुओं की तलाशी ली गई। इस दौरान यात्रियों को सतर्क रहने एवं लावारिस वस्तुओं को न छूने की सलाह दी गई।

### लाइवलीहुड कालेज में प्लेसमेंट कैंप 14 को

**जांजगीर-चांपा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जांजगीर-चांपा द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से बुधवार 14 मई को प्रातः 11 बजे दोपहर 3 बजे तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, जांजगीर-चांपा लाईवलीहुड कॉलेज परिसर जॉजगीर में एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि शिविर में निजी क्षेत्र के नियोजक बाम्बे इंटीग्रेटेड सिक्युरिटी इंडिया लिमिटेड रायपुर द्वारा सुरक्षा गार्ड के 50 पद एवं सुरक्षा सुपरवाईजर के 10 पदों पर भर्ती की कार्यवाही कर जावेगी। प्लेसमेंट कैंप में भाग लेने वाले इच्छुक आवेदक अपने मूल प्रमाण पत्रों के साथ स्वयं उपस्थित होकर कैंप में भाग ले सकते है।

### 10 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**सक्ती।** आबकारी विभाग दबिश देते हुए एक युवक के कब्जे से 10 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त किया गया है। प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी नितिन शुक्ला के मार्गदर्शन में 11 मई को सहायक जिला आबकारी अधिकारी आशीष उप्पल को मुखबिर द्वारा वार्ड नंबर 4 सोंठी थाना सक्ती निवासी मनोज कुमार सतनामी पिता रम्मैया लाल के द्वारा अपने घर से महुआ शराब बिक्री की सूचना पर मनोज सतनामी के घर की तलाशी ली गई। छापामार कार्रवाई के दौरान मनोज के कब्जे से 53 प्लास्टिक पाउच प्रत्येक में भरा 200 मिली कुल 10.600 लीटर महुआ शराब बरामद की गई। इसी तरह वार्ड नंबर 4 ग्राम नंदौरखुर्द थाना सक्ती निवासी धनसाय राठौर पिता प्रेमसाय के कब्जे से रसोईघर में टाइल्स के नीचे तहखाना बनाकर छिपा कर रखा 18 नग देशी प्लेन शराब पाव और 10 नग प्लास्टिक पाउच प्रत्येक में 300 मिली कुल 6.42 लीटर शराब बरामद किया गया। आरोपियों के कब्जे से शराब जब्त कर आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)क ख 34(2) के तहत कार्रवाई की गई है।

## मातृ-शिशु अस्पताल में हर रोज सैकड़ों की होती है ओपीडी

# एमसीएच में स्टाफ संकट, भगवान भरोसे चल रहा अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

माँ और बच्चे के लिए संचालित होने वाला अस्पताल आज भी स्टॉफ की संकट से जूझ रहा है। अस्पताल में स्टॉफ का सेटअप बिगड़ा हुआ है। खासतौर पर स्टॉफ नर्स की भारी कमी है। आधे से ज़्यादा पद रिक्त पड़े हुए हैं। जिनकी भर्ती को लेकर कोई पहल नहीं की जा रही है। यहां ज़्यादातर जिला अस्पताल के स्टॉफ को अटैच किया गया है।

**खास बात**
- स्टाफ कम इसलिए आती है मरीजों को दिक्कत



जिला अस्पताल पहले ही स्टाफ नर्सों सहित अन्य कर्मचारियों की कमी से जूझ रहा था। इसके बाद यहां के स्टॉफ को एमसीएच मे अटैच कर दिया गया। एमसीएच में आज तक सेटअप के मुताबिक एक भी स्टाफ नहीं पदस्थ हुए। जिसके कारण यह अस्पताल जिला अस्पताल के स्टाफ के भरोसे ही संचालित हो रहा है। ऐसे में एमसीएच में विशेषकर स्टाफ नर्स की काफी कमी पड़ रही है। कई बार एक वार्ड केवल एक ही स्टाफ नर्स के जिम्मे हो जाता है। जिसके कारण कई समस्याएं आने लगती हैं। जब यह अस्पताल शुरू हुआ तब अस्पताल के लिए सरकार ने अलग से स्टाफ का सेटअप देने की बात कही थी। जिसके अनुसार अस्पताल अधीक्षक का एकए एनेस्थेसिया विशेषज्ञ का एकए शिशु विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं पैथोलॉजिस्ट विशेषज्ञ का एक एक पद स्वीकृत था। इसके अलावा मेडिकल ऑफिसर के 3 एवं स्टाफ नर्स के 45 व लैब टेक्निशियन के 2 पद सेटअप में था। लेकिन इन पदों के विरुद्ध एक भी पद सेटअप के अनुसार सरकार ने एमसीएच के लिए नहीं दिए हैं। जिसके कारण जिला अस्पताल के ही स्टाफ व विशेषज्ञों से वैकल्पिक व्यवस्था के तहत एमसीएच का कार्य लिया जा रहा है। जिसमें सबसे अधिक समस्या स्टाफ नर्स को लेकर है।

**जल्द होगी भर्ती**

एमसीएच में स्टाफ संकट तो है, मगर अटैचमेंट से किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आ रही है। रही बात भर्ती की तो नर्सिंग स्टाफ की भर्ती हो रही है। स्क्रुटनी भी हो चुकी है। बहुत जल्द रिक्त पद भरे जाएंगे।

-डॉ दिनेश पटेल
सिविल सर्जन, जिला अस्पताल

### मायूस होकर लौटते हैं मरीज

एमसीएच मे केवल रायगढ़ जिला ही नहींए बल्कि ओड़िसा के लोग भी इलाज कराने आते हैं। अस्पताल में हर रोज सैकड़ों की ओपीडी होती है। मगर मरीजों को वो सुविधा नहीं मिल पाती, जिसके लिए वो यहां आते हैं। स्टॉफ की संकट से जूझ रहे इस अस्पताल में हमेशा अभाव ही बना रहता है। जिससे कई बार मरीज मायूस होकर लौट जाते हैं। ऐसे मे सरकार को इस अस्पताल को संवारने की जरूरत है।

### अटैचमेंट के बाद भी परेशानी

मातृ शिशु अस्पताल में जरूरत के औसतन पचास फीसदी नर्सिंग स्टाफ भी नहीं है। 100 बिस्तर वाले अस्पताल में नर्सिंग स्टाफ की कमी शुरू से ही जस की तस बनी हुई है। नर्सिंग स्टाफ की कमी के कारण ही केजीएच से नर्सेस अटैच की गई हैं। इसके बावजूद कई बार एक नर्सिंग स्टाफ पर दो वार्ड की जिम्मेदारी होती है। अस्पताल में औसतन 100 से ज्यादा मरीज भर्ती रहते हैं। इनमें गम्भीर मरीजों की संख्या ज्यादा है। इनके लिए क्रिटिकल, इमरजेंसी यूनिट और सर्जिकल वार्डों में प्रति मरीज एक नर्स की जरूरत है।

### समय पर नहीं आते हैं डॉक्टर्स

मरीजों के परिजन कहते हैं कि अस्पताल की ओपीडी सुबह 8 बजे शुरू होती है। लेकिन मरीजों को देखने के लिए डॉक्टर्स सुबह 10 बजे के बाद आते हैं। इस स्थिति में स्थानीय और दूर गांव से आए मरीज और अटेंडर को उनका इंतजार करना पड़ता है। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कई दफा शिकायत भी हो चुकी है। लेकिन उसके बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है।



## बरपाली व भुकुर्री में पूंजीपथरा पुलिस ने लगाई चौपाल

**रायगढ़।** पूंजीपथरा थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश मिश्रा के नेतृत्व में ग्राम बरपाली में पूंजीपथरा पुलिस द्वारा पुलिस जन चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लियाए जहां थाना प्रभारी ने स्थानीय समस्याओं और शिकायतों पर चर्चा करते हुए उन्हें वर्तमान में घटित हो रहे अपराधों के बारे में जानकारी दी।

**खास बात**
- थाना प्रभारी ने ग्रामीणों को अपराध से सतर्क रहने की दी सलाह

इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों को आगाह किया कि गांव में घूमने वाले संदिग्ध फेरीवालों, सोना चांदी चमकाने वाले, कबाड़ खरीदने वाले, जड़ी बूटी बेचने वालों जैसे अनजान लोगों पर विशेष नजर रखें और आवश्यकता पड़ने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें। इसके साथ ही उन्होंने मोबाइल फोन पर अज्ञात नंबरों से आने वाली कॉल पर बैंक विवरण, एटीएम पिन, ओटीपी जैसी कोई भी व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने की सख्त हिदायत दी। ग्रामीणों को बताया गया कि यदि गांव में कोई बाहरी व्यक्ति आकर बसता है तो उसकी सूचना पुलिस को देना अनिवार्य है। चौपाल में पुलिस सहायता के लिए थाना प्रभारी, बीट पुलिसकर्मी और डॉयल 112 नंबर की जानकारी भी ग्रामीणों को उपलब्ध कराई गई। इस दौरान थाना पूंजीपथरा के उप निरीक्षक विजय एक्का और अन्य स्टाफ मौजूद रहे।



## अभिनव के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**पुसौर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा घोषित हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में अभिनव स्कूल के कक्षा 10वीं से 120 में 70 प्रथम श्रेणी में 21 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं।

जिसमें कु आस्था प्रधान 97.5, समीर सा 96.67 प्रतिशत मयंक कुमार प्रधान 96.33 प्रतिशत, आदित्य डनसेना 95.33 प्रतिशत आकाक्षा बारीक 95.00 प्रतिशत जन्नत जहाँ 93.00 प्रतिशत कु पद्मिनी गुप्ता 90.33 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। गणित में मयंक कुमार प्रधान शत प्रतिशत एवं कु आस्था प्रधान सामाजिक विज्ञान में शत प्रतिशत अंक अर्जित किए हैं। इसी प्रकार हायर सेकंडरी परीक्षा में 147 में 93 प्रथम श्रेणी में 31 द्वितीय श्रेणी में एवं 01 तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। कु. प्रकाशिनी गुप्ता 96.80 प्रतिशत वाणिज्य संकाय पियुष देहरी 91.80 प्रतिशत गणित विज्ञान संकाय एवं राखी शर्मा 91.00 प्रतिशत वाणिज्य संकाय ने अंक प्राप्त किए। पीयुष देहरी ने गणित विषय में शत प्रतिशत अंक प्राप्त किया है।

## बोलेरो और अर्टिगा की आपस में भिड़ंत, आधा दर्जन बाराती घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद

हसौद थाना क्षेत्र के परसदा चौक पर शनिवार रात एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। बारातियों से भरी एक बोलेरो अनियंत्रित होकर एक अर्टिगा से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बोलेरो सड़क पर पलट गई, जबकि अर्टिगा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक दुकान में जा घुसी। इस दुर्घटना में दोनों वाहनों में सवार कई लोगों को चोटें आई हैं। हसौद पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार घटना शनिवार 10 मई की रात करीब 8:30 बजे परसदा चौक पर चिस्दा से परसदा की ओर आ रही बोलेरो क्र. सीजी 04 एमक्यू 01763 की टक्कर सरसीवा से हसौद की ओर आ रही मारुति सुजुकी अर्टिगा क्र. सीजी 22 एडी 6618 से हो गई। तेज रफ्तार टक्कर के कारण बोलेरो मौके पर ही पलट गई, जबकि अर्टिगा अपना नियंत्रण खो बैठी और पास ही स्थित एक दुकान में जा घुसी। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर



अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत डायल 112 पर फोन कर हसौद पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सड़क के बीचों-बीच पलटी बोलेरो को हटवाया और घायलों को इलाज के लिए नजदीकी लाइफलाइन हॉस्पिटल में भर्ती कराया। हसौद पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, अर्टिगा में चार लोग सवार थे, जो सरसीवा से झरप बारात में जा रहे थे। वहीं, बोलेरो में आधा दर्जन से अधिक बाराती सवार थे, जो गिधौरी से वापस जशपुर कछार लौट रहे थे। इस हादसे में बोलेरो सवार कुछ लोगों को चोटें आई हैं, जिनका इलाज परसदा के लाइफलाइन हॉस्पिटल में किया गया।

## जिला अस्पताल के पास तलवार लहराते युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रायगढ़।** कोतवाली पुलिस ने सोमवार को जिला अस्पताल के पुराने गेट के पास एक युवक को तलवार लहराते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। युवक राहगीरों को डराने धमकाने की नीयत से सार्वजनिक स्थान पर खुलेआम हथियार के साथ घूम रहा था।

मामले की सूचना मिलते ही कोतवाली थाना प्रभारी सुखनंदन पटेल के निर्देश पर प्रधान आरक्षक लोमस राजपूत व आरक्षक मनोज पटनायक और उत्तम सारथी की टीम को तत्काल रवाना किया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और आरोपी युवक को पकड़ लिया।

पकड़े गए युवक ने अपना नाम सदानंद कलेत पिता विपिन कलेत उम्र 24 वर्ष निवासी बापू नगर,



मानकेशरी मंदिर, थाना कोतवाली रायगढ़ बताया। उसके कब्जे से तलवार बरामद की गई है। आरोपी के खिलाफ थाना कोतवाली में भारतीय शस्त्र अधिनियम की धारा 25ए 27 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने जब्ती की कार्रवाई कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

## एक ही जमीन को दो बार बेचकर 5 लाख की धोखाधड़ी, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

एक ही ज़मीन दो बार बेचकर की 5 लाख की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला पामगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम भिलौनी का है।

**खास बात**
- पामगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम भिलौनी का मामला

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम भिलौनी निवासी परमेश साहू ने पहले अपनी खेत की ज़मीन को 14 फरवरी 2024 को एक व्यक्ति को बेच दिया और रजिस्ट्री भी करवा दी। इसके बावजूद, उसने उसी ज़मीन को 22 फरवरी 2024 को दोबारा बेचने का सौदा कर लिया और पीड़ित गोविंद प्रसाद शर्मा से 5 लाख रुपए की ठगी कर ली। पीड़ित की शिकायत पर थाना पामगढ़ में धारा 420 भादवि के तहत मामला दर्ज किया गया। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने अपराध स्वीकार कर लिया। इसके बाद आरोपी को 11 मई को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक मनोहर सिन्हा, सहायक उपनिरीक्षक, रामदुलार साहू, आरक्षक यशवंत पाटले, महिला आरक्षक सविता पटेल व थाना स्टाफ की अहम भूमिका रही।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### अज्ञात कारणों से युवक ने आत्महत्या कर दी जान

**गोधना।** अज्ञात कारणों से युवक ने आत्महत्या कर अपनी जान दे दी। घटना नवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम कुकदा का है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम कुकदा निवासी जयकुमार कश्यप, पिता दिलहरण कश्यप उम्र 27 वर्ष ने अपने ही घर में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों और ग्रामीणों द्वारा तत्काल शिवरीनारायण थाना को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर कानूनी प्रक्रिया प्रारंभ की गई। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने परिजनों से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। हालांकि पतासाजी जारी है।

## गर्मी में लोगों को खल रही सिटी बस की कमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में कोरोनाकाल से बंद हुई सिटी बस सेवा अब तक पटरी में नहीं आ सकी है। गर्मी के मौसम में लोगों को सिटी बस की कमी खल रही है। लोगों को जिला मुख्यालय सहित आसपास के शहरी इलाकों में आवागमन करने में आटो और निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ रहा है। गौरतलब है कि जिला मुख्यालय जांजगीर से नवंबर 2015 में सिटी बस सेवा का शुभारंभ किया गया। यहां 10 बसें आई थी और सभी बसों का परमिट कार्यालय सचिव क्षेत्रिय परिवहन पदाधिकारी द्वारा जारी किया गया था। इनमें से सिर्फ पांच बसों का संचालन हुआ। ऐसे में जिलेवासियों को सभी सिटी बसों का लाभ नहीं मिला। जिन मार्गों पर



पड़े पडे कबाड़ हो रही सिटी बस।

दो-दो बसें चलनी थी उन मार्गों पर एक-एक बस ही चलाया गया। इसके बाद रही सही कसर कोरोनाकाल ने निकाल दी। कोरोनाकाल के समय जो सिटी बस सेवा बंद हुई, वह आज तक पटरी पर नहीं आ सकी है। इतना ही नहीं शासन द्वारा करोड़ों की लागत से भेजी गई 10 सिटी बसों की हालत भी कंडम हो गई है। ये गाड़ियां जहां तहां खड़ी कबाड़ हो रही है। इन बसों के पहिये, इंजन और बैटरी गायब हो चुके हैं, शीशे टूट चुके हैं। इधर लोगों को नैला रेलवे स्टेशन, चांपा, कलेक्टोरेट, जिला पंचायत, जिला अस्पताल के अलावा अकलतरा, बलौदा, बाराद्वार आदि क्षेत्र में सफर करने के लिए निजी बसों अथवा निजी आटो और चारपहिया वाहनों का सहारा लेना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी जिला मुख्यालय जांजगीर में कलेक्टर कार्यालय, एसपी कार्यालय, जिला पंचायत, जिला न्यायालय, जिला अस्पताल, रोजगार कार्याल, जिला परिवहन कार्यालय आदि जगहों पर जाने में हो रही है। मजबूरी में लोगों को अधिक किराया देकर आटो में सफर करना पड़ रहा है।

## राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में वूशु खिलाड़ियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**बहेराडीह।** राज्य स्तरीय वूशु चैंपियन शिप प्रतियोगिता सेंट विसेंट पॉलिटी स्कूल डोंगरगढ़ में किया गया। छत्तीसगढ़ से 21 जिलों सहित 600 खिलाड़ी ओर कोच मैनेजर ने भाग लिया। जिसमे स्थानीय जिले से 60 खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय वूशु प्रतियोगिता मे भाग ली। सभी खिलाड़ियों ने जांजगीर चांपा टीम की प्रतिनिधित्व खिलाड़ियों द्वारा किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत सिवनी (च) के 40 खिलाड़ियों के द्वारा इस प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन कर विभिन्न वर्गों में 17 गोल्ड, 7 सिल्वर, 6 ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया तथा खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में पार्टिसिपेट प्राप्त किया गया जो कि पूरे जांजगीर जिले के लिए गौरव की बात है कि अब वूशु प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर भी जिले के बच्चो के द्वारा मेडल प्राप्त किया जा सकेगा। मेडलिस्ट खिलाड़ियों के रूप में गोल्ड काव्या श्रीवास, भूमिका देवांगन, भूमि देवांगन, गुंजन श्रीवास, यशस्वी पाण्डेय, आरुषि गोस्वामी, सोनाली देवांगन, दीप्ती महंत, कामना गोस्वामी, गरिमा पाण्डेय, माही यादव, सीनियर संदीप यादव, संजय महंत, गुलाब यादव, तिलक पूरी गोस्वामी, प्रीतम महंत, रितिका सिंह, सिल्वर श्रुति सोनी, देव महंत, रूपम झा, शिवा बारेठ, ममता रोहिदास, गोपाल यादव, मुस्कान बारेठ, ब्रॉन्ज अनिकेत यादव, विवेक यादव, रुचि माही, मंजूराम निहाल 17 खिलाड़ियों ने गोल्ड मेडल लेकर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपना जगह बनाया जो कि पूरे जांजगीर जिले के लिए गौरव की बात है छत्तीसगढ़ वूशु संघ के महासचिव श्री डि कौडिया सर जी के सौजन्य से यह प्रतियोगिता आयोजित किया गया था।

## सिविल सर्जन के दफ्तर में लगी आग, दस्तावेज जलकर खाक



हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला अस्पताल से अटैच सिविल सर्जन ऑफिस में शनिवार की देर रात आग लग गई। आगजनी से ऑफिस के रिकॉर्ड रूम में रखे दस्तावेज जलकर खाक हो गए। गनीमत रही कि आग की लपटें अस्पताल तक नहीं पहुंच सकी। दमकल अगर समय पर आग पर काबू नहीं पाती, तो बड़ी जनहानी हो सकती थी।

जांजगीर के बैरिस्टर ठा छेदीलाल जिला चिकित्सालय के भवन में ही सिविल सर्जन का कार्यालय संचालित है। शनिवार 10 मई की देर रात सिविल सर्जन कार्यालय की ओर से आग लपटें उठने लगी। आग की लपटो को देखकर अस्पताल में भर्ती मरीज के परिजनो ने स्टॉफ को सूचना दी। जिसके बाद रात 3 बजे पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद दमकल की टीम ने आग पर काबू पाया। आग से सिविल सर्जन कार्यालय के रिकॉर्ड रूम में रखे जरूरी दस्तावेज जलकर खाक हो गए। फायर ब्रिगेड ने तत्परता से कार्य करते हुए आग पर काबू पा ली, अन्यथा बड़ी जनहानि हो सकती थी। अस्पताल के वार्डों में बड़ी संख्या में मरीज भर्ती हैं। आग की लापटें अगर अस्पताल की ओर फैलती तो हालात बेकाबू हो सकते थे।आग लगने के कारण का अभी पता नहीं चल सका है। सीसीटीवी कैमरा के रिकार्डिंग की जाँच से आगजनी के कारण का खुलासा होने कि संभावना जताई जा रही है।

## कागजों में ही सिमटकर रह गई साफ-सफाई के लिए बनाई समिति

# बदहाली के दौर से गुजर रहे जिले के अधिकांश तालाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के अधिकांश तालाब बदहाली के दौर से गुजर रहे है। इनके संरक्षण व संवर्धन पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्राम पंचायत स्तर पर बनाई गई स्वच्छता समिति महज कागजों में ही सिमटकर रह गई है।

गौरतलब है कि अविभाजित जिले में 657 ग्राम पंचायत है, वहीं 7652 तालाब है। इनमें 4457 शासकीय तो वही 2986 निजी तालाब है, लेकिन आधुनिकता के इस दौर में तालाबों का संवर्धन एवं संरक्षण नहीं हो पा रहा है, जिसके कारण अधिकांश तालाब इन दिनों अस्तित्व संकट की समस्या से जूझ रहे हैं। आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के लिए निस्तारी का प्रमुख संसाधन तालाब ही है, लेकिन तालाबों की साफ सफाई नहीं होने से अधिकांश तालाब जलकुंभी एवं कचरे से अटा पड़ा है। ग्राम पंचायतों में तालाबों के रखरखाव एवं साफ सफाई के लिए बनाई गई समिति महज कागजों में ही सिमट कर रह जाती है। पहले जहां ग्रामीण क्षेत्रों में धान सहित अन्य फसलों के लिए तालाबों के माध्यम से ही पानी पहुंचाया जाता था, लेकिन आधुनिकता के इस दौर में तालाबों का उपयोग खेती-बाड़ी के लिए पहले की अपेक्षा अब कम होने लगा है। हर साल गर्मी के दिनों में जल संकट की समस्या रहती है वही गांव के तालाबों का जलस्तर भी कम होने लगता है। ऐसे में पेयजल की समस्या भी मवेशियों के लिए होती है। इसके अलावा कई ग्राम पंचायतों का तालाब जलकुंभी से अटा पड़ा है, जिसके कारण तालाबों की सफाई एवं संवर्धन नहीं हो पा रहा है। जांजगीर-चांपा जिले में सबसे अधिक तालाब नगर पंचायत खरौद में है। अकलतरा विकासखंड के ग्राम पंचायत नरियरा का रामसागर तालाब 100 एकड़ क्षेत्रफल में फैला हुआ है। इसके अलावा भी गांवों में कई बड़े तालाब है, जो समय के साथ सिकुडते जा रहे है। शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में देखा जाए तो आधुनिकता के इस दौर में लोग तालाबों का उपयोग भी कम कर रहे हैं, जबकि पूर्व के समय में संसाधनों की समस्या थी जिसके कारण स्नान के लिए तालाब का का ही ज्यादातर लोग उपयोग करते थे। जिसके कारण नियमित साफ सफाई भी होती थी, लेकिन अब तालाबों की साफ-सफाई को लेकर किसी के द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है।



जलकुंभी से अटा पड़ा तालाब।